## *अखिल भारतीय नाई संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक*

संवाददाता केशव न्यूज

बिहारशरीफ – सोहसराय में अखिल भारतीय नाई संघ (ट्रेड यूनियन) की जिला कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार शाम 6 बजे आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने की। इस दौरान संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला कार्यकारिणी में राकेश बिहारी शर्मा को संयोजक, रंजीत कुमार अकेला को उपाध्यक्ष, जनार्दन ठाकुर को सचिव तथा परमिंद्र कुमार शर्मा, बब्लू भैया और पंकज कुमार को महासचिव नियुक्त किया गया। राकेश कुमार (बब्लू) कोषाध्यक्ष और विक्रम कुमार निगरानी अध्यक्ष बने। नंदकिशोर शर्मा निगरानी सदस्य बनाए गए। सुधीर कुमार शर्मा, अरविंद कुमार शर्मा और अशोक कुमार शर्मा को सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा सुमित कुमार, सुरेंद्र प्रसाद को जिला मीडिया प्रभारी तथा सुबोध कुमार को विधि सलाहकार नियुक्त किया गया। मकसूदन शर्मा संरक्षक और राजेश कुमार शर्मा सूचना मंत्री बने। कार्यकारिणी सदस्यों में धीरज कुमार, संतोष कुमार, विनोद शर्मा, मुन्ना कुमार, गेन्हारी ठाकुर और मनोज कुमार शर्मा का चयन किया गया। इस मौके पर रामानंद शर्मा, धीरज कुमार, चंदन कुमार, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, अरविंद कुमार, पिंटू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, सुरेंद्र प्रसाद शर्मा, रमेशर ठाकुर और रामप्रवेश ठाकुर सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बिहार के भविष्य के लिए एकजुट हों– लालू यादव की तेजस्वी के समर्थन में अपील

# लालू यादव ने की तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने की अपील, फ्री बिजली और रोजगार देने का वादा

**तेजस्वी को सीएम बनाने की हुंकार– लालू का जनता से समर्थन की अपील**

संवाददाता केशव न्यूज

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने नालंदा के इस्लामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी किसी के सामने सिर नहीं झुकाया और न कभी झुकेंगे। सभी को मिलकर काम करना है और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना है।



लालू यादव बुधवार को पूर्व विधायक कृष्ण बल्लभ प्रसाद की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने इस्लामपुर के खानकाह हाई स्कूल के मैदान में पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हर हाल में मिलकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। उनकी सरकार बनी तो बिहार के लोगों को फ्री बिजली दी जाएगी, रोजगार और नौकरी भी दी जाएगी। जो वे कहते हैं, उसे करते हैं। उन्होंने सभी से देश की रक्षा के लिए एकजुट रहने की अपील की।इस दौरान लालू यादव ने इस्लामपुर के विधायक राकेश रोशन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे अच्छा काम कर रहे हैं और आगे भी करेंगे। जनता के समर्थन से राजद को अपनी सरकार बनानी है।

लालू यादव की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता और समर्थक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। स्वास्थ्य कारणों के चलते लालू यादव ने मंच पर बैठकर ही जनता को संबोधित किया। उन्होंने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील दोहराई और राजद की घोषणाओं पर भरोसा जताया।

लालू यादव ने कहा कि स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ प्रसाद के पुत्र राकेश कुमार रोशन के निमंत्रण पर वे बिना किसी विलंब के यहां पहुंचे। उन्होंने इसे अपना सौभाग्य बताया कि वे उन्हें श्रद्धांजलि देने आए हैं।

इस कार्यक्रम में राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव और पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## *अवैध हथियार के साथ दो अपराधी गिरफ्तार*



संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिला के गिरियक थाना क्षेत्र के हैबतपुर मोड़ के पास पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की शाम 2 अपराधियों को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए अपराधियों की पहचान सैदपुर निवासी बबलू कुमार और निरंजन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से दो लोडेड देशी कट्टे और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि दोनों अपराधी हैबतपुर मोड़ के पास दहशत फैलाने के इरादे से एकत्र हुए हैं। सूचना मिलते ही गिरियक थानाध्यक्ष साकेन्द्र कुमार बिन्द के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सशस्त्र बल की मदद से दोनों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान बबलू कुमार और निरंजन कुमार की कमर से लोडेड देशी कट्टे और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। दिसंबर 2024 में, दोनों ने सैदपुर गांव में एक घर पर चढ़कर फायरिंग की थी और धमकी दी थी। इस मामले में गिरियक थाना कांड संख्या–464/24 के तहत ठछै और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से वे फरार चल रहे थे।

# साइबर अपराधियों ने 5 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 1.60 लाख की ठगी की– वॉट्सऐप हैक कर परिवार और दोस्तों को भेजे अश्लील वीडियो, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले के हरनौत में साइबर अपराधियों द्वारा डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। हरनौत रेल कारखाने में हेल्पर पद पर कार्यरत विकास कुमार को 5 दिनों तक उनके ही कमरे में बंधक बनाकर साइबर अपराधियों ने 1.60 लाख रुपये की ठगी कर ली।



विकास, भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को ड्यूटी के दौरान उनके वॉट्सऐप नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने ऑडियो कॉल किया और खुद को दिल्ली साइबर क्राइम और सीबीआई अधिकारी बताया। कॉल करने वाले ने उन पर आरोप लगाया कि उनके बैंक खाते से किडनैपिंग के मामले में वसूली गई रकम का ट्रांजैक्शन हुआ है।

जब विकास ने इस आरोप से इनकार किया, तो साइबर ठग ने वीडियो कॉल किया और पुलिस वर्दी में दिखाई दिया। उसने तुरंत गिरफ्तारी की धमकी दी और विकास को वॉट्सऐप वीडियो कॉल से जुड़े रहने का आदेश दिया। यहां तक कि बाथरूम जाते समय भी कमर से ऊपर का हिस्सा दिखाने की शर्त रखी गई। गिरफ्तारी का डर दिखाकर अपराधियों ने 1 फरवरी को यूपीआई के माध्यम से 1 लाख रुपये और 2 फरवरी को गूगल पे से 60 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद भी अपराधियों ने 5 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग की। जब विकास ने पैसे देने में असमर्थता जताई, तो अपराधियों ने उन्हें लोन लेने या दोस्तों से कर्ज लेने की धमकी दी। इस बीच, जब विकास लगातार दो दिन ऑफिस नहीं गए, तो उनके सहयोगी कर्मचारी उनके कमरे पर पहुंचे। डर के कारण विकास ने शुरुआत में कुछ नहीं बताया। लेकिन जब सहयोगियों ने साइबर अपराधियों से बात की और पैसे देने से इनकार किया, तब अपराधियों ने विकास का वॉट्सऐप हैक कर लिया। इसके बाद उनके फैमिली ग्रुप और दोस्तों को अश्लील वीडियो भेजना शुरू कर दिया। विकास ने 4 फरवरी को बाहर निकलकर पूरी घटना की जानकारी अपने सहकर्मियों को दी। इसके बाद हरनौत थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी गणेश राय ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और साइबर अपराधियों की तलाश जारी है।

# *पागल कुत्ते के हमले से 40 से अधिक मवेशी घायल – ग्रामीणों ने घेरकर मारा, प्रशासन ने शुरू की वैक्सीनेशन और जांच*

संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड के तुलसी बिगहा गांव में मंगलवार देर रात एक पागल कुत्ते के हमले से दहशत फैल गई। इस हमले में 40 से अधिक पालतू मवेशी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार रात करीब 3 बजे एक संदिग्ध पागल कुत्ता खूंटे से बंधे मवेशियों पर टूट पड़ा। मवेशियों की चीख–पुकार सुनकर ग्रामीण जाग गए और घेराबंदी कर कुत्ते को मार दिया।



घटना की सूचना मिलने पर पशुपालन विभाग की टीम और प्रखंड विकास पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। टीवीओ डॉ. अशोक कुमार और एमवीयू डॉ. अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में घायल मवेशियों का प्राथमिक उपचार किया गया और सभी को आवश्यक वैक्सीन दी गई। जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी रमेश कुमार ने हालात का जायजा लेकर चिकित्सकों को तत्काल इलाज के निर्देश दिए। घटना से प्रभावित पशुपालकों में जितेंद्र कुमार, कारू कुमार और सुजीत बिंद ने बताया कि घटना के समय सभी मवेशी खूंटे से बंधे हुए थे। अचानक हुए हमले से भारी नुकसान हुआ।

ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि नगर पंचायत सिलाव द्वारा गांव के पास अवैध रूप से कचरा डंप किया जा रहा है, जिससे आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ गई है। दूषित भोजन के सेवन के कारण कुत्तों के आक्रामक होने की आशंका जताई जा रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रह्लाद कुमार ने बताया कि इस घटना में करीब 50 मवेशी घायल हुए हैं और मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री भावना ने स्वीकार किया कि कचरे का अवैध डंपिंग गैरकानूनी है। उन्होंने स्वच्छता पदाधिकारी अंजली राज को मामले की जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि कचरे की दुर्गंध न केवल उनकी दिनचर्या को प्रभावित कर रही है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर डाल रही है।

# नवोदय इंग्लिश कॉन्वेंट स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए भव्य फेयरवेल समारोह का आयोजन

संवाददाता केशव न्यूज

नालन्दा – बिहार शरीफ मुख्यालय के खंदक पर स्थित नवोदय इंग्लिश कॉन्वेंट स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए फेयरवेल समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



समारोह की शुरुआत छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद छात्रों ने नृत्य, गायन और नाटक जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। छात्रों के उत्साह और आत्म. विश्वास ने सभी को प्रभावित किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ छात्रों का हौसला बढ़ाया। स्कूल के निदेशक दीपक कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा, "यह समारोह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां हम अपने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। हमें गर्व है कि हमारे छात्रों ने मेहनत और लगन से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया है।" उन्होंने छात्रों को जीवन में आत्मविश्वास बनाए रखने और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। साथ ही अभिभावकों और शिक्षकों के योगदान की सराहना की, जिन्होंने छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। शिक्षकों ने छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें कड़ी मेहनत व समर्पण के महत्व को समझाया। अभिभावकों ने भी छात्रों के भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। फेयरवेल के दौरान छात्रों और शिक्षकों के बीच भावुक क्षण देखने को मिले। छात्रों ने स्कूल में बिताए अपने यादगार पलों को साझा किया और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन और समूह फोटो सत्र के साथ हुआ। इस आयोजन ने छात्रों के जीवन में एक नई शुरुआत की दिशा में प्रेरणादायक यादें छोड़ीं।







